भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2793

जिसका उत्तर 10 जुलाई, 2019 को दिया जाना है।

19 आषाढ़, 1941 (शक)

कोलार जिले में एसटीपी

2793. श्री एस. मुनिस्वामी :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का कर्नाटक में कोलार सहित देश में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया की स्थापना का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ चिह्नित किए गए क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे पार्क स्थापित करने के लिए क्षेत्र का चयन करने के क्या मानदंड हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में कितनी निधि आबंटित और उपयोग की गई है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) : सरकार देश में विभिन्न स्थानों पर 24 भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (एसटीपीआई) की स्थापना की प्रक्रिया में है। आगामी एसटीपीआई केंद्रों की सूची **अनुबंध-क** में दी गई है। वर्तमान में कर्नाटक के कोलार में एक नया एसटीपाआई केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) : नए एसटीपीआई केंद की स्थापना के लिए राज्य सरकार/उत्कृष्टता केंद्रों/उच्चत्तर शिक्षा संस्थानों को निम्नलिखित उपलब्ध कराने की आवश्यकता होगी।

- लंबी अवधि के पट्टे पर निःशुल्क न्यूनतम 2 एकड़ विकसित भूमि या लंबी अबधि के पट्ट पर निःशुल्क 50,000 वर्ग फीट निर्मित क्षेत्र।
- स्थान के संभावनाओं का आंकलन करने के लिए राज्य सरकार/उत्कृष्टता केंद्रों/उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ संयुक्त रूप से एसटीपीआई द्वारा व्यवहार्यता अध्ययन किए जाने की आवश्यकता होगी।

(ग) : नए एसटीपीआई केंद्र की स्थापना हेतु लागत का वहन एसटीपीआई के आंतरिक संचयन से किया जाएगा। अतः इसके लिए सरकार द्वारा कोई निधि आबंटित नहीं की जाती है।

*****

अनुबंध-'क'

निधि के विवरणों के साथ आगामी एसटीपीआई केन्द्रों की सूची

क्र. सं.	**राज्य**	**स्थान**
1.	माध्य प्रदेश	भोपाल
2.		छिंदवाड़ा
3.		जबलपुर
4.	पंजाब	अमृतसर
5.	झारखंड	धनबाद
6.		जमशेदपुर
7.		बोकारो
8.	उत्तर प्रदेश	आगरा
9.		वाराणसी
10.		मेरठ
11.		गोरखपुर
12.	नागालैंड	कोहिमा
13.	अरूणाचल प्रदेश	ईटानगर
14.	ओडिशा	बालासोर
15.		सम्बलपुर
16.		जयपुर
17.		अंगुल
18.		कोरापुट
19.	बिहार	दरभंगा
20.		भागलपुर
21.	हरियाणा	पंचकुला
22.	गुजरात	भावनगर
23.	कर्नाटक	देवांगीरी
24.	हिमाचल प्रदेश	कांगड़ा

****